# 087/X/SA2/06/C1

## Class - X

## SOCIAL SCIENCE

Time : **3** hours
समय : **3** घण्टे

Maximum Marks : **80**
अधिकतम अंक : **80**

Total No. of Pages : 11

**Instructions :**

1. The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number **1 - 16** are multiple choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer book.
4. Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.
5. Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.
6. Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography. Attach both the maps in your answer book.

**निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में **36** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य हैं**।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक के प्रश्न एक-एक अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। अपनी उत्तर पुस्तिका में सही विकल्प चुन कर लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक के प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक के प्रश्न चार-चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या **35** इतिहास से मानचित्र सम्बन्धित **2** अंक है और प्रश्न संख्या **36** भूगोल से मानचित्र सम्बन्धित **3** अंक का है। दोनों मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

**1.** Which one of the following areas was the most source of nationalist tension in Europe after 1871 ? **1**

(a) The Balkans (b) The Romanians

(c) Great Britain (d) Germania

**OR**

The main objective of the Vietnamese students of 'Go East Movement' was :

(a) To drive out the French from Vietnam

(b) To overthrow the puppet emperor

(c) To re-establish the Nguyen dynasty that had been deposed by the french

(d) All of these

**2.** Which of the following treaty recognised Greece as an independent nation ? **1**

(a) Vienna Treaty of 1815 (b) Constantinople Treaty

(c) Diplomatic Treaty of Sardenia Piedmont (d) None of these

**OR**

According to Bernard, economic growth in Vietnam was obstructed by :

(a) High population

(b) Low agricultural productivity

(c) Extensive indebtedness among peasants

(d) All of these

**3.** The event that marked in the beginning of the Civil Disobedience Movement was : **1**

(a) The demand of Purna Swaraj of 1929

(b) The independence day pledge of 1930

(c) The violation of Salt Law in 1930

(d) All of these

**4.** In 1916, Gandhiji travelled to Champaran in Bihar to inspire the peasant to struggle against the : **1**

(a) Upper caste people (b) Landless agricultural labourers

(c) Oppressive plantation system (d) None of them

**5.** The largest manganese producing state of India is - **1**

(a) Orissa (b) Madhya Pradesh

(c) Karnataka (d) Kerala

**6.** Which one of the following minerals belongs to a category which is different from others? **1**

(a) Mica (b) Gold (c) Copper (d) Iron

**7.** Manufacturing Industries are placed in : **1**

(a) Primary sector (b) Secondary sector

(c) Teritiary sector (d) Service sector

**8.** District Roads are maintained by : **1**

(a) PWD (b) Zila Parishad (c) CPWD (d) BRO

**9.** The interest groups like trade unions, business associations and professional bodies etc. are referred as : **1**

(a) Public Interest group (b) Sectional Interest group

(c) Movement group (d) Pressure group

**10.** Who plays a deceisive role in making laws for a country ? **1**

(a) Leaders (b) Parties

(c) Voters (d) Constituencies

**11.** The condition for a political party to be recognized as a national party is : **1**

(a) It must secure at least 6% of total votes in Lok Sabha elections or Assembly elections in four states.

(b) It must win at least 4 seats in the Lok Sabha

(c) Both of these

(d) None of these

**12.** Which one of the following features relates to the short term movements ? **1**

(a) National Alliance for people's movement

(b) They involve more than one issue

(c) They seek to achieve a broad goal

(d) They are single issue movements

**13.** The informal sector credit includes loans from : **1**

(a) Money lender (b) Self help Groups

(c) Co-operative Societies (d) Banks

**14.** What are the modern forms of money ? **1**

(a) Paper notes and coins (b) Coins made of silver and gold

(c) Coins made of leather (d) Grains and cattle

**15.** Removing barriers or restrictions set by the government on foreign trade and foreign investment is known as : **1**

(a) Globalization (b) Liberalization

(c) Taxation (d) Nationalisation

**16.** The Consumer Protection Act or COPRA was enacted in : **1**

(a) 1985 (b) 1986 (c) 1987 (d) 1988

**17.** Explain the role of languages in developing the nationalist sentiments in Europe. **3x1=3**

**OR**

Explain any three objectives of the Vietnamese students of 'Go East Movement' ?

18. Why did Mahatma Gandhi perceive 'salt' as a powerful symbol that unite the nation ? **3x1=3**

19. "India is highly dependent on coal for meeting its commercial energy requirement" Support the statement with three arguments. **3x1=3**

20. Explain any three problems faced by cotton textile industries in India. **3x1=3**

21. Explain any three ways to control environmental degradation caused by industries. **3x1=3**

22. How pressure groups and movements exert influence on government policies ? **3x1=3**

23. "Most negative feature of democracy is that its examination never gets over". Support the statement with three arguments. **3x1=3**

24. How does democracy produce an accountable, responsive and legitimate government ? Explain **3x1=3**

25. Explain the foundational challenge being faced by democratic governments. **3x1=3**

26. How would flexibility in labour laws help companies ? Explain. **3x1=3**

27. Analyse the role of 'credit' for development. **3x1=3**

28. After 20 years of enactment of COPRA, the consumer awareness in India has not gain momentum. Give three reasons. **3x1=3**

29. Explain any three rights of a consumer. **3x1=3**

30. Explain any four features of the Treaty of Vienna, 1815. **4x1=4**

**OR**

Explain the role of women in the anti-imperial struggle in Vietnam with four examples.

31. Explain any four facts to show how did the First World War help in the growth of the National Movement in India **4x1=4**

32. Explain any four major problems faced by Indian Railways. **4x1=4**

33. "Political parties are necessary for a democracy". In the light of this statement explain any four functions of the political parties in India. **4x1=4**

34. Describe any two sources each of formal and informal credit in India. **2+2=4**

**35.** Two features (A) and (B) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map.

(A) The place from where the beginning of Civil Disobedient Movement was started. **1+1=2**

(B) The place, where the Indian National Congress Sessions was held in 1920.

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same map :

(i) Champaran Movement of Indigo Planter.

(ii) Bardoli - No Tax Campaign

**Note** : The following questions are for the ***BLIND CANDIDATES*** only; in lieu of map Q. N. *35.* **1+1=2**

(35.1) Name the place where Indian National Congress Sessions was held in 1927.

(35.2) The place where the Non-cooperation Movement was called off.

**36.** Three features (A), (B) and (C) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **1+1+1=3**

(A) Thermal Power Plant

(B) Mica Mine

(C) An Iron Ore Mine

**OR**

Locate and label the following items on the same map with appropriate symbols. **1+1+1=3**

(i) Nuclear Power Plant - Kalpakkam

(ii) Iron and Steel Plant - Bhilai

(iii) International Airport - Netaji Subhash Chandra Bose

**Note :** The following questions are for the ***BLIND CANDIDATES*** only in lieu of map Q. No. *36.*

(36.1) Name the software technology park located in Uttar Pradesh

(36.2) Name the international airport in Amritsar

(36.3) Write the name of the state in which Jawaharlal Nehru port is located

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 1871 के बाद यूरोप में राष्ट्रवादी तनाव का सबसे गम्भीर स्रोत था ? **1**

(a) बाल्कन (b) रोमानिया (c) ग्रेट ब्रिटेन (d) जर्मेनिया

**अथवा**

वियतनामी विद्यार्थियों का 'पूरब की ओर चलो' आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य था :

(a) फ्रांसीसियों को वियतनाम से बाहर निकालना।

(b) कठपुतली सम्राट का तख़्ता पलटना।

(c) न्यूयेन राजवंश की पुनर्स्थापना, जिसे फ्रांसीसियों द्वारा हटा दिया गया था।

(d) उपरोक्त सभी

**2.** निम्नलिखित में से किस सन्धि ने यूनान को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी? **1**

(a) 1815 की वियना संधि (b) कांस्टेन्टीनोपल संधि

(c) सार्डिनिया पीडमांण्ट की कूटनीतिक संधि (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**अथवा**

बर्नार्ड के अनुसार वियतनाम में आर्थिक वृद्धि में अवरोध पैदा किया :

(a) उच्च जनसंख्या ने (b) कम कृषि उत्पादन ने

(c) किसानों का भारी कर्जे में ढूबा होना (d) उपरोक्त सभी

**3.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन के प्रारम्भ में हुई घटना थी : **1**

(a) 1929 की 'पूर्ण स्वराज' की माँग (b) 1930 की 'स्वतंत्रता दिवस की शपथ'

(c) 1930 में 'नमक कानून' को तोड़ना (d) उपरोक्त सभी

**4.** 1916 में गांधी जी ने बिहार में चम्पारन में किसानों को किसके विरुद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित करने गए थे? **1**

(a) ऊँची जाति के लोगों को (b) भूमिहीन खेती मज़दूरों

(c) दमनकारी बागान व्यवस्था (d) उपरोक्त में से किसी को नहीं

**5.** भारत में मैंगनीज़ का सबसे अधिक उत्पादन करने वाला राज्य है : **1**

(a) उड़ीसा (b) मध्य प्रदेश (c) कर्नाटक (d) केरल

**6.** निम्नलिखित खनिजों मे से कौन सा खनिज एक ऐसे वर्ग से सम्बन्धित है, जो दूसरों से भिन्न है : **1**

(a) अभ्रक (b) सोना (c) तांबा (d) लोहा

**7.** विनिर्माण उद्योगों को शामिल किया जाता है : **1**

(a) प्राथमिक (b) द्वितीयक (c) तृतीयक (d) सेवा

**8.** जिले की सड़कों की देख भाल की जाती है : **1**

(a) लोक निर्माण विभाग द्वारा (b) ज़िला परिषद द्वारा

(c) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा (d) सीमा सड़क संगठन द्वारा

**9.** मज़दूर संघों, व्यापारिक समितियों और व्यावसायिक संस्थाओं आदि को कहा जाता है – **1**

(a) जन हित समूह (b) वर्ग हित समूह (c) आन्दोलन समूह (d) दबाव समूह

**10.** किसी देश के लिए कानून बनाने में निर्णायक भूमिका कौन निभाता है? **1**

(a) नेता (b) पार्टियाँ (c) मतदाता (d) चुनाव क्षेत्र

**11.** किसी राजनीतिक पार्टी के लिए राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए शर्त है : **1**

(a) उसे लोक सभा चुनावों या चार राज्यों की विधान सभा के चुनावों में कुल मतों का 6% मत अवश्य प्राप्त करना चाहिए।

(b) उसे लोक सभा में कम से कम लोकसभा चुनावों में चार सीटें जीतनी चाहिए।

(c) उपरोक्त दोनों।

(d) इनमें से कोई नहीं।

**12.** निम्नलिखित में से कौनसा लक्षण लघु अवधि के आन्दोलन से सम्बद्ध है? **1**

(a) जन आन्दोलन के लिए राष्ट्रीय गठबन्धन (b) इसमें एक से अधिक मुद्दे शामिल होते हैं।

(c) वे एक बड़ा लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं। (d) वे एक मुद्दे पर आधारित आन्दोलन होते हैं।

**13.** अनौपचारिक क्षेत्रक ऋणों में शामिल हैं : **1**

(a) साहूकार (b) स्व-सहायता समूह (c) सहकारी समितियां (d) बैंक

**14.** मुद्रा के आधुनिक रूप क्या हैं ? **1**

(a) कागज़ के नोट और सिक्के (b) सोने और चांदी के बने सिक्के

(c) चमड़े के बने सिक्के (d) अनाज़ और पशु

**15.** विदेश व्यापार और विदेशी निवेश पर अवरोध या पाबन्दियां हटाने को कहते हैं – **1**

(a) वैश्वीकरण (b) उदारीकरण (c) कर लगाना (d) राष्ट्रीयकरण

**16.** कोपरा अथवा उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू हुआ था : **1**

(a) 1985 में (b) 1986 में (c) 1987 में (d) 1988 में

**17.** यूरोप में राष्ट्रवादी भावनाओं को विकसित करनें में भाषाओं की भूमिका की व्याख्या कीजिए **3x1=3**

**अथवा**

वियतनामी विद्यार्थियों के 'पूरब की ओर चलो आन्दोलन' के किन्हीं तीन उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

18. महात्मा गांधी ने 'नमक' को राष्ट्र को एकजुट करने वाला सशक्त प्रतीक क्यों समझा ? स्पष्ट कीजिए **3x1=3**

19. ''भारत अपनी वाणिज्यिक ऊर्जा की जरूरत को पूरा करने के लिए अधिकांशत: कोयले पर निर्भर है'' इस कथन की तीन तर्कों द्वारा पुष्टि कीजिए। **3x1=3**

20. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के समक्ष किन्हीं तीन समस्याओं की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

21. उद्योगों के कारण हुए पर्यावरण निम्नीकरण को नियन्त्रित करने के लिए किन्हीं तीन तरीकों की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

22. दबाव समूह और आन्दोलन सरकारी नीतियों पर कैसे प्रभाव डालते हैं? **3x1=3**

23. ''लोकतन्त्र की सबसे नकारात्मक विशेषता यह है कि इसका परीक्षण कभी समाप्त नहीं होता'' इस कथन की तीन तर्कों द्वारा पुष्टि कीजिए। **3x1=3**

24. लोकतन्त्र कैसे एक उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध सरकार उत्पन्न करता है? स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

25. लोकतान्त्रिक सरकारों के समक्ष बुनियादी चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

26. श्रमिक कानूनों में लचीलापान किस प्रकार कम्पनियों की सहायता करेगा? स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

27. विकास के लिए 'ऋण' की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। **3x1=3**

28. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होने के 20 वर्ष बाद भी भारत में उपभोक्ता जागरूकता में तेजी नहीं आई है। कोई तीन कारण दीजिए। **3x1=3**

29. उपभोक्ता के किन्हीं तीन अधिकारों की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

30. 1815 की वियना सन्धि की किन्हीं चार विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। **4x1=4**

**अथवा**

वियतनाम में साम्राज्य विरोधी संघर्ष में महिलाओं की भूमिका की व्याख्या चार उदाहरणों सहित कीजिए।

31. 'प्रथम विश्व युद्ध' ने भारत में 'राष्ट्रीय आन्दोलन' को बढ़ावा देने में किस प्रकार सहायता की? किन्हीं चार तथ्यों की व्याख्या कीजिए । **4x1=4**

32. भारतीय रेलवे के समक्ष आईं किन्हीं चार मुख्य समस्याओं को स्पष्ट कीजिए। **4x1=4**

**33.** ''किसी लोकतन्त्र के लिए राजनीतिक दलों का होना आवश्यक हैं।'' इस कथन के संदर्भ में भारत में राजनीतिक दलों के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए । **4x1=4**

**34.** भारत में ऋण के दो औपचारिक और दो अनौपचारिक स्रोतों का वर्णन कीजिए । **2+2=4**

**35.** दिए गये भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो लक्षण (A) और (B) पर अंकित किए गए हैं। उन्हें नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : **1+1=2**

(A) वह स्थान, जहाँ से सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था ।

(B) वह स्थान, जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**अथवा**

दिए गए इसी मानचित्र पर ही निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए : **1+1=2**

(i) चम्पारन – जहाँ से नील की खेती करने वालों का आन्दोलन शुरू हुआ था ।

(ii) बारदोली – 'लगान नहीं' आन्दोलन

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन विद्यार्थियों** कें प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं : **1+1=2**

(35.1.) उस स्थान का काम लिखिए, जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(35.2.) वह स्थान, बताइए जहाँ असहयोग आन्दोलन समाप्त किया गया था ।

**36.** दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर तीन लक्षण (A) (B) (C) पर अंकित किए गए हैं। उन्हें नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : **1+1+1=3**

(A) तापीय ऊर्जा संयत्र

(B) अभ्रक खदान

(C) लौह अयस्क की खान

**अथवा**

दिए गए इसी मानचित्र पर ही निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए : **1+1+1=3**

(i) नाभिकीय ऊर्जा संयत्र – कलपक्कम

(ii) लोह और इस्पात संयत्र – भिलाई

(iii) अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन – नेताजी सुभाष चन्द्र बोस


**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए संख्या *36* के स्थान पर है :

(36.1) उत्तर प्रदेश में स्थित प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर पार्क का नाम लिखिए ।


(36.2) अमृतसर के अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(36.3) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ जवाहर लाल नेहरु पत्तन स्थित है।

Question No. 35



Question No. 36




- o O o -